निधि पाण्डे, भा.सू.से.
आयुक्त
Nidhi Pandey, I.I.S.
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
दूरभाष : 91–11–26512579, फैक्स : 91–11–26852680
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016 (India)
Tel. : 91-11-26512579, Fax : 91-11-26852680
E-mail : kvs.commissioner@gmail.com, Website : www.kvsangathan.nic.in

अपील

किसी भी राष्ट्र की महानता, अस्मिता, गरिमा एवं आदर्शों की सही पहचान उस देश की भाषा विशेषकर राजभाषा से होती है। कोई भी राष्ट्र अपनी भाषा में जीता है, संवाद करता है और प्रगति करता है। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए हमारे संविधान निर्माताओं ने हिंदी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया। राजभाषा हिंदी नि:संदेह अपने बल पर, अपने गुणों और अपनी उपयोगिता के आधार पर सब जगह व्याप्त है। इसकी अतुल भाषा-शक्ति की संपन्नता को सहज में ठुकराया नहीं जा सकता। हिंदी आज ठोस और संतुलित कदमों से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रही है।

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि हम प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं। आइए इस अवसर पर हम अपनी निष्ठाओं और कर्तव्यों को पुन: स्थापित करते हुए केन्द्रीय विद्यालय संगठन में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सितंबर महीने में हिंदी पखवाड़ा/हिंदी दिवस बहुत ही धूम-धाम से मनाएं। हमारे लिए यह भी अत्यंत गर्व का विषय है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन में हिंदी का प्रयोग दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है और अनेक मदों पर निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं, तथापि कुछ मामलों में हम अभी भी निर्धारित लक्ष्यों से कुछ दूर हैं।

अत: आप सभी से मेरा आग्रह है कि आप राजभाषा संबंधी संवैधानिक अपेक्षाओं के अनुसार अपना कार्यालयी कार्य पूर्ण निष्ठा, लगन एवं प्रेमपूर्वक राजभाषा हिंदी में न केवल स्वयं करें अपितु अपने अन्य सहकर्मियों को भी प्रेरित करें।

इन्हीं भावनाओं के साथ 14 सितंबर हिंदी दिवस की सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

निधि पाण्डे

(निधि पाण्डे)
आयुक्त

दिनांक : 14 सितंबर, 2021